केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 12.02.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेल विद्युतीकरण के शताब्दी वर्ष पर कोर, में वृक्षारोपण का आयोजन**

भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज दिनांक 03 फरवरी 2025 को उद्घाटन समारोह के पश्चात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12.02.2025 को श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/कोर की अध्यक्षता में मुख्यालय प्रांगण में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना और हरित पर्यावरण के अनुकूल वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस आयोजन में श्री यतेंद्र कुमार-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित श्री एस. एस. नेगी-मुख्य विद्युत इंजीनियर (P&D), श्री आर. एन. सिंह-प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे और मिलकर परिसर में पौधे लगाए, जिससे भारतीय रेलवे की कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और हरियाली बढ़ाने की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज